Regarding need to establish a National Zoological Park in Jabalpur Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-Laid

श्री आशीष दुबे **(जबलपुर) :** मैं जनहित के अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे को सरकार के समक्ष रखना चाहता हूँ । मैं जबलपुर शहर के घोषित हरित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खमरिया, पिपरिया एवं घाना आदि क्षेत्र में भूमि पर "राष्ट्रीय प्राणी उद्यान" स्थापित करने की मांग करता हूँ । प्राकृतिक सौन्दर्य से सुसंपन्न एवं हरित क्षेत्र की बहुलता लिए हुए, जबलपुर शहर में "राष्ट्रीय प्राणी उद्यान" होना अत्यंत आवश्यक है । इसकी प्रासंगिकता इसलिए भी बहुत है, क्योंकि यहाँ बड़ी संख्या में प्राय: विलुप्त पक्षी पाए जाते हैं । माँ नर्मदा जी के पावन तटवर्ती क्षेत्र होने के कारण भी यहाँ वन सम्बन्धी पशु-पक्षियों को सुरक्षित एवं संवर्दित किया जा सकेगा, साथ ही शहर में समुचित पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा ।

मेरा सरकार से निवेदन है कि कृपया जनहित के इस मुद्दे को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए, अविलम्ब जबलपुर के सम्बंधित क्षेत्र में "राष्ट्रीय प्राणी उद्यान" (Zoo) की स्थापना करने की कृपा करे ।